दिनांक: 07.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**मोदी- ब्रिक्स**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में आज आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान नेताओं ने ब्रिक्स एजेंडे के विभिन्न मुद्दों पर उपयोगी चर्चा की, जिसमें वैश्विक शासन में सुधार, वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को बुलंद करना, शांति और सुरक्षा, बहुपक्षवाद को मजबूत करना, विकास के मुद्दे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल हैं। श्री मोदी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय सहायता और प्रौद्योगिकी तक पहुंच के मामले में निरंतर विकास के लिए अधिक सहयोग की आवश्यकता है। आतंकवाद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला सिर्फ भारत पर हमला नहीं था, बल्कि पूरी मानवता पर हमला था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों को धन उपलब्ध कराने वालों, उन्हें बढ़ावा देने या सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने वालों से सख्त से सख्त तरीके से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद से निपटने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करने के लिए ब्रिक्स नेताओं का आभार व्यक्त किया।

**निवेश-मध्यप्रदेश**

प्रदेश में निवेश के लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज लुधियाना में रोड शो करेंगे। देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लुधियाना रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। राज्य के 34 जिलों में तेज बारिश से कई क्षेत्र जल मग्न हो गये हैं। जबलपुर, मंडला, शहडोल और डिंडौरी सर्वाधिक प्रभावित हुए है।

मौसम विभाग ने बैतूल में भारी बारिश की चेतावनी दी थी लेकिन बीते 24 घंटे के भीतर पौन इंच बारिश हुई है। वहीं सतपुड़ा डेम का एक गेट भी खोल दिया गया है। मंडला जिले में पिछले 24 घंटे में सुबह तक करीब चार इंच औसत बारिश दर्ज हुई है।

**संक्षिप्त समाचार**

1. नर्मदापुरम जिले में आज से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए जिले में 68 केंद्र बनाए गए हैं। यह खरीदी 8 अगस्त तक चलेगी।

2. जबलपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में उनके महान व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा के अद्वितीय कार्यों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

3. शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने कल विधायक निधि से वृद्ध आश्रम में रहने वालों के लिए 15 पलंग और 15 अमलारी भेंट की है।

4. मोहर्रम के पर्व पर कल आगरमालवा में जुलुस निकाले गये वही आज जिला मुख्यालय सहित नलखेड़ा, बड़ौद, कानड़, सुसनेर, सोयतकलां आदि स्थानों पर ताजियों का विर्सजन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जुलुस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

---------------------